प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

उद्योग निकाय–श्रम संहिताएं

उद्योग जगत और परामर्श संस्थाओं ने देश में चार श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे एतिहासिक कदम बताते हुए कहा है कि इन सुधारों से औपचारिक रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा और नियमों का पालन आसान होगा। इनका उद्देश्य देश में मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और सुव्यवस्थित बनाना है। भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय सचिव गिरीश आर्य ने कहा कि यह फैसला आज़ादी के बाद से मज़दूरों के हित में किया गया सबसे बड़ा सुधार है।

जयराम ठाकुर

भाजपा ने राज्य सरकार को प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के मामले पर घेरा है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा जैसे–जैसे कांग्रेस सरकार का कार्यकाल बढ़ता जा रहा है घटनाओं का क्रम भी उसी तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार कौन है।

तेजस हादसा

दुबई एयर शो में हुए तेजस विमान हादसे में प्रदेश के कांगडा जिला के वीर सपूत नमन स्याल के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल एवं सभी सांसदों ने नगरोटा बगवां के इस वीर सपूत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि देश को उनके अमुल्य वलिदान पर हमेशा गर्व रहेगा। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी नमन स्याल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करने हुए कहा कि यह खबर बेहद दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री ने कहा देश ने एक बहादुर, कर्तव्यनिष्ठ और साहसी पायलट खो दिया है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदानाएं प्रकट की।

भाजपा

भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक जिला नूरपुर की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा आगामी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बाद में मीडिया से बात करते हुए डा बिंदल ने पंचायत चुनाव में हो रही देरी पर राज्य सरकार को घेरा और कहा कि सरकार किसी भी विषय को लेकर गंभीर नहीं है।

जॉब ट्रेनी

राज्य सरकार ने जॉब ट्रेनी के ग्रुप–ए, बी और सी पदों को भरने को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत ग्रुप ए और बी के सभी पदों को भरने का दायित्व हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को सौंपा गया है साथ ही ग्रुप सी के कुछ ऐसे पद जिनकी सरकारी स्तर पर सिफारिश की जाएगी उनको लोक सेवा आयोग के स्तर पर भरा जाएगा। इसके अलावा ग्रुप सी के शेष बचे सभी पदों को हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरा जाएगा। इस संबंध में सचिव कार्मिक ने कल अधिसूचना जारी की है। सभी प्रशासनिक सचिवों, मंडलायुक्तों, विभागध्यक्षों, उपायुक्तों, निगम–बोर्डों के अधिकारियों, सचिवों हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं सचिव हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर को इस संबंध में सूचना जारी की गई है।

मौसम

प्रदेश में सुखी ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के तीन क्षेत्रों का तापमान माइनस में दर्ज किया गया है जबकि कई बड़े शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस 4 दशमलव 6, कुकुमसेरी का माइनस 2 दशमलव 8 और केलंग का न्यूनतम तापमान माइनस 2 दशमलव एक डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। तापमान में भारी गिरावट के चलते इन क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के इसी तरह शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।